## एक नजर में

### विधायक-शहरकाजी ने किया एसवीएन स्कूल में नि :शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



**मन्दसौर।** महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एसवीएन स्कूल द्वारा नि :शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक विपिन जैन एवं शहर काजी आसिफउल्लाह ने फीता काटकर किया। प्रशिक्षण संचालक आसिफ खान एवं जफर कुरेशी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण में लगभग 90 बालिकाएं भाग ले सकेंगी तथा यह पूरी तरह नि :शुल्क रहेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और युवतियों को सिलाई का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में पूर्व अंजुमन सदर शकील भाई, सर्वर भाई मीडिया प्रभारी, हज कमेटी अध्यक्ष शाहिद निजामी, जिला स्काउट मीडिया प्रभारी उमर शेख, सद्दाम, शाहरुख शेख, मुशर्रफ अली, समीर खान, पूर्व अंजुमन नायब सदर फिरोज एवं वसीम शेख सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम समाज में महिलाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### संजय पारिख बने लायंस क्लब के झोन चेयरमैन



**मंदसौर।** सेवा और समर्पण के क्षेत्र में अग्रणी संस्था लायंस क्लब इंटरनेशनल के आगामी सत्र 2026-27 के लिए संगठनात्मक नियुक्तियों की घोषणा की गई है। इस घोषणा के अंतर्गत लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के वर्तमान अध्यक्ष लायन संजय पारिख को उनकी सक्रियता और उत्कृष्ट कार्यशैली को देखते हुए ''झोन चेयरमैन'' (झोन 2) के महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति उनके द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे निरंतर प्रयासों और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतिफल मानी जा रही है। लायन संजय पारिख वर्तमान में लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके कार्यकाल के दौरान क्लब ने सेवा के कई नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। चाहे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन हो, निर्धन सहायता हो या पर्यावरण संरक्षण के प्रकल्प, संजय पारिख ने सदैव अग्रणी भूमिका निभाते हुए टीम का सफल नेतृत्व किया है। उनकी इसी नेतृत्व क्षमता और सेवाभावी व्यक्तित्व को ध्यान में रखते हुए उच्च पदाधिकारियों द्वारा उन्हें आगामी सत्र के लिए झोन चेयरमैन की कमान सौंपी गई है, जिससे अब वे अपने झोन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्लबों के मध्य समन्वय और सेवा विस्तार का कार्य करेंगे। संजय पारिख की इस उपलब्धि और पदोन्नति से लायंस क्लब गोल्ड परिवार सहित जिले के सेवाभावी क्षेत्रों में हर्ष की लहर है। उनकी इस नियुक्ति पर लायंस क्लब गोल्ड के पूर्व अध्यक्षों, वर्तमान पदाधिकारियों और समस्त सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी है।

### मंदसौर की आम जनता ने कालाखेत से अवैध अतिक्रमण को हटाने पर खुशी जाहिर की

**मंदसौर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता हंसराज अग्रवाल ने अपनी विज्ञप्ती में बताया की मंदसौर शहर के बिचोबिच कालाखेत के नाम से मशहुर मार्केट का साठिया समाज के लोगो ने गत कई वर्षो से अवेध अतिक्रमण कर मंदसौर की शान पर कब्जा कर रखा था जिससे मार्केट के व्यापारीयो का भी काफी आर्थीक नुकसान व व्यापार भी चौपट था मगर अभी गत दिनो से नगरपालिका अध्यक्ष व बंशीलाल गुर्जर जी के पुरे प्रयासो से सहयोग लेकर व प्रशासन के पुरा सहयोग लेकर इन्हे साठीया समाज के लोगो को अन्य स्थान पर स्थापित किया गया इस अभीयान को प्रशासन का भी पुरा सहयोग रहा इस काम को नगर की आम जनता ने भुरी भुरी प्रंशसा की जा रही है व नगरपालिका अध्यक्ष व बंशीलाल भाईसाब की इस कार्यशैली की प्रंशसा आम जनो में कि जा रही है।


## कार्यकर्ता आपसी सामंजस्य बैठाकर कांग्रेस को करें मजबूत : राणा



**मंदसौर। कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ प्रीतिपाल सिंह राणा ने मल्हारग? विधानसभा क्षेत्र में स्थित नगर पंचायत में पिपलिया मंडी, नारायणगढ़ और मल्हारगढ़ के पार्षद एवं पार्षद प्रत्याशियों की अलग-अलग बैठक लेकर उन्हें आगामी चुनाव की रणनीति से अवगत कराया।**

राणा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एवं नेता आपसी सामंजस्य बैठाकर उस व्यक्ति को नगरी निकाय चुनाव में प्रत्याशी के रूप में अनुशंसा करें जो वास्तव में जनता के बीच रहकर चुनाव जीत सकता हो, अगर यह त्याग कार्यकर्ता एवं नेता कर लेते हैं तो हर कीमत पर नगरी निकाय चुनाव में कांग्रेस की विजय होगी। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत विकास के ब? दावे कर रही है लेकिन उसके निर्माण कार्यों में गुणवत्ता कितनी अच्छी है और अधिकारी भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के इशारे पर कितना भ्रष्टाचार कर रहे हैं । इस बात पर भी नजर रखें एवं मुखर होकर जनता के सामने उन्हें उजागर करें।

इस अवसर पर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजेश मालेचा, किशोर माली नगर अध्यक्ष पिपलिया, सुभाष पाटीदार नगर अध्यक्ष नारायणगढ़ एवं कोहिनूर मेव नगर अध्यक्ष मल्हारगढ़, वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, मुकेश निडर, भूपेंद्र महावर, कमल परसिंधिया, अनिल बोराना, बाबू मंसूरी पिपलिया मंडी, रामचंद करुण, नेमीचंद डागा, अशोक पाटीदार, दिलीप यादव, अजीत कुमठ, किशन लाल पाटीदार, दिलीप भगत, महेश सोनी, हरीश कुमावत, हरीश सालवी, नारायणगढ़ एवं अजर हयात मेव, लियाकत मेव, आबिद भाई, अनिल तिवारी, हाफिज भाई मल्हारग? आदि पार्षद एवं अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। आरंभ में महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मल्हारग? ब्लॉक के अध्यक्ष विजेश मालेचा एवं पिपलिया मंडी के वरिष्ठ नेता अनिल बोराणा का जन्म दिवस भी सभी साथियों ने धूमधाम से मनाया।



## राष्ट्रीय स्तरीय सितोलिया प्रतियोगिता में मंदसौर के दो खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण पदक

**मंदसौर।** मंदसौर जिला पिट्ठू एसोसिएशन के सचिव गगन कुरील ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में संपन्न हुई तीसरी जूनियर वर्ग राष्ट्रीय पिट्ठू प्रतियोगिता में मंदसौर जिले के दो खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्णिम सफलता प्राप्त की है। गुजरात के सूरत में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किए।

इस प्रतियोगिता में मंदसौर के आतिफ पिता आमिर और पीयूष पिता संजय त्रिवेदी ने अपनी प्रतिभा के दम पर प्रदेश को गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मंदसौर जिला पिट्ठू एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष विजय कोठारी एवं जिला खेल अधिकारी (खेल और युवा कल्याण विभाग) विजेंद्र देवड़ा ने हर्ष व्यक्त किया है।

साथ ही शासकीय कन्या महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय के प्राचार्य के.सी. सोलंकी, मध्य प्रदेश पिट्ठू एसोसिएशन के सचिव गुलाब सिंह चौहान, टेक्निकल डायरेक्टर गोपाल कृष्ण मिश्रा, जिला प्रभारी महेंद्र शुक्ला एवं भाजपा नेता महेंद्र परिहार सहित सैयद आफताब आलम, गोपाल धनगर, संजय चौहान, गोविंद मीणा, हर्ष जोशी, असलम खान, सुनील हीवे ग्वाला, अशोक गहलोत, दिनेश चंदवानी, दुर्गेश बेलानी, कमलेश डोसी, धर्मेंद्र सिंह रानेरा, यशवंत सिंह राठौ?, हितेश सालवी, शाहिद हुसैन और दीनदयाल भावसार ने दोनों खिला?ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है।



## झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ लोगों ने सौंपा ज्ञापन

**मंदसौर। भानपुरा तहसील के ग्राम संधारा में कथित झोलाछाप डॉक्टर द्वारा इलाज के दौरान युवक की मौत होने के मामले में पीड़ित परिवार ने भीम आर्मी के साथ एसडीएम एवं एडिशनल एसपी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।**

ज्ञापन में बताया गया कि 23 अप्रैल 2026 को संधारा निवासी हरिसिंह पिता मोतीलाल भील को मधुमक्खी ने काट लिया था। परिजन उन्हें उपचार के लिए ग्राम संधारा स्थित बद्री पाटीदार के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इंजेक्शन लगाए जाने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। उपचार के दौरान 26 अप्रैल 2026 को हरिसिंह की मौत हो गई। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि लापरवाहीपूर्ण इलाज के कारण मौत हुई है। ज्ञापन में संबंधित डॉक्टर एवं स्टाफ के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। साथ ही मृतक परिवार को आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को नौकरी एवं बच्चों की शिक्षा के लिए शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग भी प्रशासन से की गई। इस दौरान भीम आर्मी के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

**एक नजर** — शुद्धिकरण अभियान के 114वें दिन निकाला गया दो ट्रैक्टर-ट्रॉली कचरा

## शिवना को स्वच्छ रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी : विधायक जैन



**मंदसौर। शिवना शुद्धिकरण अभियान के 114वें दिन बुधवार सुबह बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणजनों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर शिवना नदी की सफाई की। अभियान के दौरान नदी में जमा प्लास्टिक कचरा, गाजर घास एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को निकालकर स्वच्छता कार्य किया गया। श्रमदान के दौरान नदी से 2 ट्रॉली कचरा बाहर निकाला गया।**

इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि शिवना नदी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखना सभी मंदसौरवासियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि इसी प्रकार जनसहयोग और निरंतर प्रयास जारी रहे तो शिवना को पुन: स्वच्छ स्वरूप प्रदान किया जा सकता है। विधायक ने नागरिकों से प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक अभियान में शामिल होकर श्रमदान करने की अपील भी की। अभियान में सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ की महिलाओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। महिला प्रकोष्ठ द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए श्रमदानियों को केप वितरित किए गए। श्रमदान में सामाजिक संगठनों, महिला कार्यकर्ताओं, ग्रामीणजनों, कांग्रेसजनों एवं विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# नीमच

## एक नजर में

### नीमच की 1,55,737 लाड़ली बहनों के खातों में आई राशि



**नीमच।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना तहत नीमच जिले की 1,55,737 हितग्राही बहनों के बैंक खातों में आज 36वीं किश्त की राशि 22 करोड़ 80 लाख अंतरित की गई। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती अंमिता पंड्या ने उक्त जानकारी देते हुए बताया, कि बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में नरसिंहपुर जिले के ग्राम मुंगवानी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना राशि अंतरण एवं महिला सशक्तिकरण सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में कुल 1553 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की गई हैं। इस कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट नीमच जिले में ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर हितग्राही लाड़ली बहनों द्वारा देखा गया। योजना प्रारंभ होने से यह 36वीं किश्त है, जो लाड़ली बहनों के खातों में जमा हुई है।

### पुस्तक बाजार में आचार्य शांति सागर संत निलय भवन का भव्य लोकार्पण



**नीमच।** पुस्तक बाजार स्थित नवनिर्मित 'आचार्य शांति सागर संत निलय भवन' का भव्य लोकार्पण समारोह श्रद्धा और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। समारोह मुनि सुप्रभ सागर महाराज के सानिध्य तथा आचार्य वर्धमान सागर महाराज और सुमित सागर महाराज के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: अभिषेक एवं शांतिधारा से हुआ। इसके पश्चात शांतिनाथ विधान, प्रवचन, धर्मसभा, आहारचर्या, महाआरती एवं भक्ति संगीत सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि सुप्रभ सागर महाराज ने कहा कि स्वाध्याय, साधना और तपस्या के बिना आत्मकल्याण संभव नहीं है। साधु-संत समाज को संयम, संस्कार और आत्मशुद्धि का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि संत निलय भवन केवल एक भवन नहीं, बल्कि समाज की श्रद्धा, सेवा और पुण्य भावना का प्रतीक है। उल्लेखनीय है कि तीन मंजिला इस भव्य भवन का निर्माण पारंपरिक राजमहल शैली में किया गया है। भवन में सात अत्याधुनिक श्वेत मार्बलयुक्त कक्ष, विशाल सभागार, आहार रसोई, आकर्षक झरोखे, नक्काशी एवं स्वचालित लिफ्ट जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। रंग-बिरंगी रोशनी और पुष्प सज्जा से सजा भवन श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। लोकार्पण अवसर पर मुनि संघ की भव्य यात्रा फोर जीरो विद्युत केंद्र से पुस्तक बाजार तक निकाली गई। जयकारों और भक्ति गीतों के बीच बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। भवन पहुंचने पर लाल पर्दा हटाकर संत निलय भवन का लोकार्पण किया गया तथा सातों कक्षों का उद्घाटन धर्मलाभार्थी परिवारों द्वारा संपन्न हुआ। समारोह में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में निपटाएं अधिकारी

- संभागायुक्त आशीष सिंह की अध्यक्षता में उज्जैन संभाग की कलेक्टर कॉन्फ्रेंस आयोजित
- अविवादित नामांतरण, बंटवारे, सीमांकन के लंबित प्रकरण एक माह में खत्म करें
- लोक सेवा गारंटी के प्रकरण समय सीमा से बाहर होने पर होगी पेनाल्टी



**नीमच।** उज्जैन संभागायुक्त आशीष सिंह ने कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में संभाग के सभी कलेक्टर को निर्देश दिए, कि राजस्व के प्रकरणों को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए अधीनस्थ कार्यालयों का लगातार निरीक्षण करे और लोक सेवा गारंटी के आवेदनों पर समय सीमा में काम नहीं होने पर संबंधित अधिकारी पर पेनाल्टी लगाए। सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण बीके अविवादित प्रकरणों की पेंडेंसी एक माह में खत्म करे। नामांतरण, सीमांकन के प्रकरणों में निचले अमले की कार्रवाई पर भी निगाह रखे। बिना कारण सीमांकन प्रकरण रद्द नहीं हो।

नीमच कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने बताया कि नीमच जिले में सीमांकनों के प्रकरण लंबित नहीं हैं। बैठक में उज्जैन,देवास, रतलाम, शाजापुर, आगर मालवा, मंदसौर, नीमच, के कलेक्टर ने गेहूं खरीदी, वरदान उपलब्धता, गेहूं का परिवहन की जानकारी भी दी।

स्वास्थ विभाग की समीक्षा के दौरान गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीयन की स्थिति की जानकारी ली और कहा, कि जिलों में गर्भवती महिलाओं का अनिवार्य पंजीयन हो और सभी आवश्यक जानकारी, आयरन गोली,टीकाकरण और लगातार उनके स्वास्थ की जानकारी भी आघतन रहे।

संभागायुक्त आशीष सिंह ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की पूरी तरह ट्रेकिंग हो और समय समय उनको जानकारी भी दी जाए,जिससे उनको पोषण आहार भी मिलता रहे, सभी प्रसव अस्पताल में हो इससे बच्चों के स्वास्थ पर भी निगाह रखी जा सकेगी और उनकी बेहतर देखभाल भी होगी।

कमिश्नर श्री सिंह ने हाई रिस्क वाले चिह्नित ग्रामों में टीबी की जांच पुन: एक बार करवाने के लिए शिविर लगाने को कहा है।

संभाग आयुक्त श्री आशीष सिंह ने सभी जिलों में बच्चों में कुपोषण की कमी लाने के लिए आंगनवाड़ी में पंजीयन अनिवार्य रूप से करवाने और उनको पोषण आहार देने के लिए जन सहयोग से मदद करने का भी पायलट प्रोजेक्ट चलाया जा सकता है।

संभाग आयुक्त श्री आशीष सिंह ने महिला बाल विकास की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए की बच्चों को मां के दूध और ऊपरी दूध की फीडिंग के लिए बेहतर तरीके सीखने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मास्टर ट्रेनर बनाया जाएगा। यह मास्टर ट्रेनर अपने जिलों में अन्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को फीडिंग के संबंध में प्रशिक्षण देंगी ,मास्टर ट्रेनर बनाने के लिए उज्जैन जिले में उज्जैन, शाजापुर ,देवास और आगर मालवा जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण देकर मास्टर ट्रेनर के रूप में नियुक्त किया जाएगा।



## ओवरलोड बस की जब्त

**नीमच। शहर में यातायात नियमों की लगातार अनदेखी कर रही एक निजी यात्री बस पर बुधवार को यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी कार्रवाई की। बस स्टैंड क्षेत्र में जांच के दौरान अशोक ट्रेवल्स की बस को ओवरलोडिंग और सुरक्षा नियमों के गंभीर उल्लंघन में जब्त कर थाने पहुंचाया गया।**

जानकारी के अनुसार परिवहन अधिकारी नंदलाल गामड़ और यातायात प्रभारी सोनू बड़गुजर के नेतृत्व में टीम ने बस स्टैंड पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान अशोक ट्रेवल्स की बस क्रमांक एनएल 02 बी 3053 नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाती हुई मिली। बस में क्षमता से अधिक सवारियों के साथ भारी मात्रा में कृषि जिंस भी ओवरलोड थी। इतना ही नहीं, बस की छत पर भी सामान लादा गया था, जिससे यात्रियों की सुरक्षा पर सीधा खतरा बना हुआ था।

बताया जा रहा है कि उक्त बस लंबे समय से ओवरलोड संचालन कर रही थी और इसको लेकर पहले भी शिकायतें सामने आ चुकी थीं। बुधवार को मामला अधिकारियों के संज्ञान में आते ही मौके पर कार्रवाई करते हुए बस को जब्त कर थाने पहुंचाया गया, जहां आगे की वैधानिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

परिवहन विभाग के अधिकारियों ने साफ किया है कि यात्रियों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ओवरलोडिंग, छत पर माल परिवहन और नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

**एक नजर** — सफाई कामगारों के स्वत्वों का समय सीमा में भुगतान किया जाए

## सफाई कामगारों के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के विशेष प्रयास करें : करोसिया



**नीमच। सफाई कामगार परिवार के युवाओं को स्वरोजगार से जोडने के लिए उनके कौशल उन्नयन के लिए स्वरोजगार प्रशिक्षण दिलाने तथा स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जाए।**

यह निर्देश म.प्र.राज्य सफाई कामगार आयोग के अध्यक्ष श्री प्रताप करोसिया ने नीमच में जिला अधिकारियों और सफाई कामगार, संगठनों के प्रतिनिधियों, सभी सीएमओ की बैठक में दिए। बैठक में एडीएम श्री बी.एस.कलेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री एन.एस.सिसोदिया, जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी श्री पराग जैन, नीमच सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया सहित सभी सीएमओ व जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में आयोग के अध्यक्ष श्री प्रताप करोसिया ने विभिन्न कार्यालयों व नगरीय निकायों में सफाई कामगारों के स्वीकृत पद रिक्त पदों की जानकारी की विस्तार से विभागवार समीक्षा की। उन्होने कहा, कि विभिन्न निकायों और कार्यालयों व्दारा विनियमितीकरण किए गए कर्मचारियों को पात्रतानुसार स्थाई करने की कार्यवाही करें। उन्होने निर्देश दिए कि सफाई कामगारों को नियमानुसार अवकाश तथा परिवार को मृत्यु के प्रकरणों में उपादान का समय सीमा में भुगतान सुनिश्चित किया जाए। आयोग के अध्यक्ष ने सफाई कामगार परिवारों के लिए नगरीय निकाय क्षेत्र में मांगलिक भवन निर्माण के लिए भूमि चिन्हित करने पर जोर दिया।

बैठक में आयोग के अध्यक्ष श्री करोसिया ने सफाई कामगारों के वेतन भत्ते, एन.पी.एस., अनुकम्पा नियुक्ति, रिक्त पदों की पूर्ति, पेंशन, पी.एफ., ईएसआई प्रकरणों के त्वरित निराकरण, बस्ती विकास, सामुदायिक भवन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनाओं की नगरीय निकायवार प्रगति की समीक्षा की और इन सभी योजनाओं में सफाई कामगार सदस्यों की आनुपातिक भागीदारी की भी समीक्षा की।

उन्होने न.पा.सीएमओ को नीमच में सफाई कामगारों के लिए आवासीय कालोनी विकसित करने और व्यवसाईक दुकाने निर्मित कर आवंटित कब्जे की कार्यवाही करने को भी कहा। उन्होने सभी सफाई कामगारों का प्रतिमाह 10 तारीख तक वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।